हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 22 दिसम्बर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक



## खबर संक्षेप

### शशि असाटी ने संभाला सेजस केशवपुर के प्राचार्य का प्रभार



**अम्बिकापुर।** वरिष्ठ व्याख्याता सुश्री शशि असाटी ने स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, केशवपुर में प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया। सुश्री असाटी भूगोल, इतिहास एवं हिंदी विषय में परास्नातक हैं। उन्होंने 18 वर्षों तक कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर में सेवाएं दी है। प्रभार ग्रहण करने उपरांत उन्होंने कहा कि मेरी प्राथमिकता विद्यालय को जिले के सर्वोत्कृष्ट विद्यालयों की श्रेणी में लाना तथा परीक्षा परिणाम को शत-प्रतिशत बनाए रखना है।

### 50 बोरी अवैध धान से भरा पिकअप जब्त

**बलरामपुर।** जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान परिवहन पर सतत निगरानी रखी जा रही है। इसी कड़ी में थाना अंतर्गत एक पिकअप में अवैध रूप से 50 बोरी धान परिवहन की सूचना प्राप्त होते ही एसडीएम अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में तहसीलदार रवि भोजवानी के साथ राजस्व विभाग टीम के द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए पिकअप सहित अवैध धान को पकड़ा। पिकअप में लगभग 50 बोरी अवैध धान लोड था, जिसे बिना वैध दस्तावेजों के परिवहन जा रहा था। प्रशासनिक टीम के द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की और धान को कब्जे में लेकर वाहन को बलरामपुर थाने के सुपुर्द कर दिया गया। एसडीएम अभिषेक गुप्ता ने बताया कि जिले में धान खरीदी सीजन के दौरान प्रत्येक स्तर पर अवैध गतिविधि पर निगरानी रखी जा रही है। चेक पोस्टों पर निगरानी को और अधिक सुदृढ़ किया गया है।

### मीना बाजार में गुम हुई बच्ची अगले दिन सकुशल बरामद

**अंबिकापुर।** मूलतः बिश्रामपुर हाल मुकाम तकिया रोड निवासी नूर मोहम्मद आ. यासीन 20 दिसम्बर को खिलौना बेचते हुए कला केंद्र मैदान पहुंचा जहां। इस दौरान उसकी 11 वर्षीया बच्ची मीना बाजार घूमने के दौरान लापता हो गई थी। ऐसे में पिता ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इस घटना के बाद एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में पुलिस टीम बच्ची की तलाश कर रही थी। इसी बीच 21 दिसम्बर की सुबह ननि कार्यालय के समीप बच्ची को सड़क किनारे से बरामद किया गया। बच्ची ने बताया कि वह रात में बिछड़ गई थी और ठंड से बचने के लिए चौपाटी के आस पास दुकानों में छिपकर बैठ गई थी। पुलिस ने बच्ची को परिजन के सुपुर्द कर दिया।

### तहसील कार्यालय के चपरासी ने लगाई फांसी

**अम्बिकापुर।** तहसील कार्यालय कुसमी में चपरासी के पद पर पदस्थ ग्राम जिरहुल पारा निवासी शिव मंगल सिंह पिता रामनाथ सिंह (44वर्ष) ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर शाम 5 बजे कुसमी पुलिस सेमरा तला सरना जंगल पहुंची तथा अरकसिया पेड़ पर लटके शिवमंगल सिंह के शव को उतरवाया तथा शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा। शिव मंगल के फांसी लगाने के कारणों की जानकारी नहीं मिल सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## तीन दिनों से हो रहा मैनपाट के पारा में गिरावट

# शीत लहर से मैनपाट में बढ़ी कंपकपी जम गई ओस की बूंदे, पारा 1.6 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

**खास बातें**

- मैदानी इलाकों में घने कोहरे के साथ पड़ रही कड़ाके की ठंड
- दो तीन दिनों तक यथावत रहेगा मौसम

पछुआ विक्षोभ की सर्द हवाओं के प्रभाव से रविवार को पारा में तेज गिरावट दर्ज की है। पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के प्रभाव से मैनपाट का पारा 1.6 डिग्री वहीं मैदानी इलाकों का पारा 4.0 डिग्री के नीचे पहुंच गया है। संभाग मुख्यालय के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है तथा न्यूनतम पारा 5.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के प्रभाव से शहर सहित पूरे संभाग में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दो दिन पूर्व पठारी इलाकों को कंपाने के बाद रविवार को ठंड का असर पठारी क्षेत्रों के साथ ही मैदानी इलाकों में देखने को मिला तथा पारा में तेज गिरावट दर्ज की गई। पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के प्रभाव से पठारी व मैदानी इलाके शीत लहर से जूझ रहे हैं। रविवार को सुबह मैनपाट में चारो तरफ बर्फ की सफेद चादर बिछ गई थी। पौधों के पत्तों पर ओस की बूंदे जमकर बर्फ बन गई थीं। सुबह-शाम पश्चिमोत्तर की सर्द हवाएं चलने के कारण ठंड से पठारी क्षेत्रों का जन जीवन प्रभावित हो गया है। शाम 3 बजते ही ठंड अपना असर दिखाना शुरू कर दे रही है। ठंड से बचने लोग दिन में भी अलाव का सहारा ले रहे हैं। इसी तरह का हाल बलरामपुर के सामरी पाट व लहसून पाट का है तथा इन क्षेत्रों में भी सुबह ओस की बूंदे जम गई थी। उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से रविवार को ऊपरी आसमान पर हल्के बादल देखे गए। हालाकि मौसम विज्ञानी फिलहाल ठंड से राहत नहीं मिलने एवं 2-3 दिन बाद पारा में 2-3 डिग्री तक की वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। पारा में वृद्धि होने के बावजूद ठंड अपना प्रभाव देखाते रहेगी।





मैनपाट में पत्तों पर जमी ओस की बूंदें।

### कोहरे से रफ्तार पर ब्रेक

रविवार को भी कोहरे का व्यापक असर देखा गया। रात में धुंध छाने के कारण दृश्यता प्रभावित रही। सुबह शहर में कोहरे का प्रभाव कम रहा जबकि मैदानी इलाकों में घना कोहरा छाने के कारण आवागमन प्रभावित रहा तथा वाहनों ने लाइट जलाकर धीमी रफ्तार में आवागमन किया। घने कोहरे के कारण भीषण दुर्घटनाएं होने की भी सूचना है। मौसम विज्ञानी आने वाले दिनों में भी घना कोहरा छाने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

### सामान्य से 3.5 डिग्री नीचे पारा

पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के प्रवाह से न्यूनतम पारा में दूसरी बार तेज गिरावट दर्ज की गई है तथा रात का पारा सामान्य से 3.5 डिग्री नीचे पहुंच गया है। शनिवार को दिन के पारा में भी गिरावट दर्ज की गई थी तथा अधिकतम तापमान 21.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। रविवार को दिन का तापमान 23.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 0.4 डिग्री ऊपर है जबकि न्यूनतम पारा 4.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। इस साल दूसरी बार पारा में इस तरह की गिरावट हुई है।

### रविवार की रात होगी सबसे बड़ी

वर्तमान में सूर्य की किरणें मकर रेखा पर लम्बवत पड़ रही हैं वहीं कर्क रेखा की ओर सूर्य की किरणें तिरछी पड़ रही है जिसके कारण दिन की अवधि कम हो गई है तथा रात की अवधि बढ़ गई है। सरगुजा कर्क रेखा के निकट है तथा मकर से अधिक दूरी होने के कारण सूर्य की किरणों की कम उष्मा पहुंच रही है जिसके कारण धरती कम गर्म हो रही है तथा दिन में भी ठंड महसूस हो रही है। मकर संक्रांति के बाद सूर्य के कर्क रेखा की ओर प्रस्थान करते ही दिन की अवधि में क्रमशः वृद्धि होगी। इस प्राकृतिक बदलाव के कारण रविवार की रात सबसे बड़ी जबकि सोमवार का दिन सबसे छोटा दिन होगा।

### लुण्ड्रा में पाला का व्यापक असर

धौरपुर। तापमान में तेज गिरावट होने के कारण रविवार को क्षेत्र में पाला का व्यापक असर देखा गया। सुबह विकासखण्ड मुख्यालय धौरपुर में चारों तरफ पाला की सफेद चादर बिछ गई थी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी पाला का व्यापक प्रभाव देखा गया। मौसम का यही हाल रहा तो टमाटर, आलू एवं अरहर की फसल को भारी नुकसान होने एवं पाला के प्रभाव से फसल नष्ट होने की संभावना जताई जा रही है।



### 2 दिन बाद बढ़ेगा पारा

विक्षोभ की सर्द हवाओं के प्रभाव से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। उत्तर भारत में सक्रिय विक्षोभ के प्रभाव से 2-3 दिन बाद पारा में वृद्धि होने की संभावना है।

-अक्षय मोहन भट्ट, मौसम विज्ञानी



# महिला की हत्या करने के बाद चेहरे को पत्थर से कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ प्रतापपुर

- लाश को लाकर फेंका जंगल में, क्षेत्र में फैली सनसनी, नहीं हो पाई मृतिका की पहचान

जिले के चंदौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पहिया-घाट पेंडारी जंगल में एक महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। संभावना है कि पहले महिला की गला दबाकर हत्या की गई और फिर लाश को जंगल में लाकर फेंका गया। हत्यारे ने मृतिका की पहचान छिपाने के लिए उसके चेहरे को पत्थर से बुरी तरह से कुचल दिया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है और लाश को मर्च्युरी में रखा गया है। पुलिस द्वारा मृतिका की पहचान के लिए विभिन्न थानों से सम्पर्क किया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि रविवार की की दोपहर चंदौरा थाना अंतर्गत पहिया-घाट पेंडारी जंगल में स्थानीय लोगों ने एक महिला की खून से सनी लाश देखी थी। ग्रामीणों ने जंगल में महिला के लाश की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद चंदौरा थाना प्रभारी मनोज सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में महिला के हत्या की पुष्टि होने के बाद मामले गम्भिता को देखते हुए एसडीओपी व फॉरेंसिक की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस द्वारा मृतिका की शिनाख्त की कोशिश की गई लेकिन उसका चेहरा बुरी तरह से कुचला हुआ था। संभावना जताई जा रही है कि महिला की पहले गला घोंटकर हत्या की गई है और फिर लाश को जंगल में लाकर फेंका गया है। मृतिका की पहचान ना हो सके इसके लिए आरोपी ने उसके चेहरे को पत्थर से बुरी तरह कुचल दिया। मृतिका की उम्र 47 से 52 साल के मध्य आंकी जा रही है। पुलिस को मृतिका के आस पास से ऐसा कोई सुराग नहीं मिला है जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस ने लाश को फिलहाल मर्च्युरी में रखा है और घटना की जांच चल रही है। पुलिस द्वारा मृतिका की शिनाख्त हेतु आस पास के थानों में सम्पर्क किया जा रहा है लेकिन समाचार लिखे जाने तक मृतिका का कोई पता नहीं चल सका है।

थाना प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि मृतिका महिला की हत्या करने के बाद लाश को फेंका गया है। उसकी पहचान छिपाने के लिए आरोपी ने चेहरे को कुचला है। मृतिका की शिनाख्त हेतु प्रयास किए जा रहे है। पीएम के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।


# सड़क हादसे में एक ही परिवार से महिला समेत तीन लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सूरजपुर

- सदमें में परिवार, क्षेत्र में शोक का माहौल, देर शाम किया गमगीन माहौल में किया गया अंतिम संस्कार

शनिवार को एनएच 130 पर हुए भीषण सड़क हादसे में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। तीनो एक ही परिवार के सदस्य थे और उपचार कराने के लिए बिलासपुर हॉस्पिटल जा रहे थे। इस दौरान ओवर टेक करते समय उनकी कार टैंकर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी की एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो लोगों ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। रविवार को तीनों मृतकों के नगर में पहुंचे जहां देर शाम एक साथ तीन जनाजे उठे। एक ही परिवार से तीन लोगों की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल निर्मित हो गया है।

बताया जा रहा है कि नगर के मस्जिदपारा निवासी टेंट व्यवसायी अली अहमद का भाई शेख अब्दुल्ला उर्फ पंकज अपनी पत्नी शाबिया, अली अहमद की पत्नी शबाना, भाई शेख अजहर उर्फ जुगनू, भतीजा तौकीर अहमद सभी उपचार कराने के लिए बिलासपुर जा रहे थे। परिवार के सभी सदस्य अल्टो कार क्रमांक सीजी 29 ए 1555 से बिलासपुर जा रहे थे। इसी दौरान अल सुबह जैसे ही वे एनएच 130 पर कटघोरा से पहले तानाखार के समीप पहुंचे कि सुबह 11.30 से 12 बजे के बीच अपने आगे चल रहे किसी वाहन को ओवरटेक करने के दौरान बिलासपुर की ओर से आ रहे टैंकर से उनकी भिंडत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अली अहमद के भाई 34 वर्षीय शेख अजहर उर्फ जुगनू की मौके पर ही मौत हो गई। इसके साथ ही अली अहमद की पत्नी 48 वर्षीया शबाना, उनके पुत्र 24 वर्षीय तौकीर, भाई 42 वर्षीय शेख अब्दुल्ला उर्फ पंकज व उनकी पत्नी 36 वर्षीया साबिया गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद एनएच पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। घटना के दौरान कार तौकीर अहमद चला रहा था और युवक ड्राईविंग सीट में बुरी तरह से फंस गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची कटघोरा और तारा चौकी की पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकाला और उपचार के लिए बिलासपुर अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया। इस दौरान उपचार के दौरान अली अहमद के पुत्र तौकीर की भी देर शाम मौत हो गई जबकि अली अहमद की पत्नी शबाना बेगम की हालत गंभीर होने पर उन्हें रायपुर रिफर किया गया था लेकिन रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं अन्य घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।



घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड, इनसेट में मृतक।

### एक साथ निकले 3 जनाजे

सड़क हादसे में एक ही परिवार से तीन लोगों के मौत की सूचना मिलने के बाद नगर में शोक का माहौल निर्मित हो गया। देर शाम तक तीनो मृतकों के शव उनके मजिस्दपारा स्थित निवास पर लाए गए जिसके बाद लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। घटना के बाद परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अजहर शेख उर्फ जुगनू अपने पीछे 4 साल और 2 साल की दो मासूम बेटियों को छोड़ गए हैं जिनके सिर से पिता का साया उठ गया। रविवार की देर शाम एक ही घर से तीन जनाजे निकले और स्थानीय कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्देखाक किया गया।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज़ मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता-गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - केंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड ,**भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# जेब से पैसे निकालने पर कर दी ग्रामीण की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

- बलरामपुर के चांदो क्षेत्र का मामला

जेब से पैसे निकालकर गिनने के दौरान की गई मारपीट से घायल ग्रामीण की मौत हो गई। इस मामले में जांच उपरांत चांदो पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

बलरामपुर जिले के चांदो पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत गम घोड़सोत मड़वा निवासी 50 वर्षीय केयर सोनवानी आ. चरकू सोनवानी के बड़े भाई मेवालाल सोवानी ने 16 दिसम्बर को गांव के बितन अगरिया के घर गया था। इस दौरान मृतक मेवालाल सोनवानी ने बितन के शर्ट के पॉकेट से पैसा निकाल लिया और गिनने लगा। इसी बात से नाराज होकर बितन अगरिया ने डंडे व मुक्के से मेवालाल की बेदम पिटाई कर दी। इस मारपीट में मेवालाल गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस दौरान 20 दिसम्बर की रात 9 बजे छोटे भाई सुरेश सोनवानी ने चरकू सोनवानी को सूचना दी कि मारपीट से घायल भाई मेवालाल सोनवानी की मौत हो गई है। इस मामले में मृतक के भाई केयर सोनवानी की शिकायत पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया। इसके साथ ही जांच उपरान्त चांदो के सुखरखांड मड़वा निवासी 28 वर्षीय बितन अगरिया आ. रिझु अगरिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी बितन अगरिया को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



## खबर संक्षेप

### एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल का वार्षिक खेल दिवस आज




**मनेन्द्रगढ़।** एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन 22 दिसंबर को किया जाएगा। यह भव्य आयोजन सुबह 10 बजे से एएचपीएस तेंदुडांड परिसर में प्रारंभ होगा। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह खेल दिवस ऊर्जा, टीमवर्क अनुशासन एवं खेल भावना के उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जिनमें विद्यार्थियों की शारीरिक दक्षता, प्रतिभा और अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिलेगा। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि वार्षिक खेल दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना तथा शारीरिक और मानसिक विकास को प्रोत्साहित करना है।

### सरभोका में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम



**बैकुण्ठपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल सरभोका में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम 20 दिसंबर को संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती अमीता राजवाड़े ने कार्यक्रम का प्रस्तावना एवं उद्देश्य को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा विद्यालय के उत्कृष्ट भैया-बहनों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया, तथा वक्ता के रूप में श्रीमती दुर्गावती राजवाड़े अध्यापिका पंडित ज्वाला प्रसाद उपाध्याय महाविद्यालय पटना एवं श्रीमती समुद्री राजवाड़े प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गिरजापुर ने सारगर्भित शब्दों में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती वंदना राजवाड़े ने कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने उपस्थिति मात्र शक्तियों को संबोधित किया एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य कृपालराम राजवाडे द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की आचार्या श्रीमती पूर्णिमा राजवाड़े द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत सरभोका श्रीमती श्रुति सिंह पैकरा एवं सरपंच ग्राम पंचायत तेलाईमुड़ा श्रीमती मीना सिंह रहीं। कार्यक्रम में काफी संख्या में मात्र शक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### सहायक शिक्षक-समग्र शिक्षक फेडरेशन की ब्लॉक इकाई का विस्तार

**सोनहत।** छग सहायक शिक्षक-समग्र शिक्षक फेडरेशन की ब्लॉक इकाई सोनहत के पुनर्गठन एवं कार्यकारिणी विस्तार को लेकर ग्राम कटगोड़ी स्थित आनंदपुर नर्सरी में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष विश्वास भगत एवं कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के संरक्षक राजेन्द्र सिंह की गरिमामय उपस्थिति रही। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से ब्लॉक सोनहत बैकुंठपुर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिलाध्यक्ष कोरिया द्वारा नियुक्तियों की घोषणा की गई, जबकि चयनित पदाधिकारियों को शीघ्र नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। गठित कार्यकारिणी में कमलेश मारिक को ब्लॉक अध्यक्ष, महेन्द्र राजवाड़े को कार्यकारी अध्यक्ष, प्रदीप साहू व योगेन्द्र जायसवाल को उपाध्यक्ष, बीरेन्द्र सिंह ठाकुर एवं प्रयाग सिंह को महामंत्री अनिल कुमार साहू को महासचिव, उदयभान यादव, नरेन्द्र जायसवाल आदि शामिल रहे।

## जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

# स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

जिला अस्पताल, एमसीबी में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का भव्य एवं विधिवत शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया गया। इस अवसर पर नगर निगम चिरमिरी के महापौर रामनरेश राय विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं कर्मचारी काफी संख्या में मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 51 हजार बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अभियान 21, 22 एवं 23 दिसंबर तक तीन दिनों तक चलेगा। प्रथम दिन सभी बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है, जबकि दूसरे एवं तीसरे दिन स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करेंगी। इसके लिए जिलेभर में कुल 542 बूथ बनाए गए हैं तथा लगभग 1800 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। समाचार लिखे जाने तक जिले के लगभग 85 प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा चुकी थी।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिला अस्पताल का निरीक्षण भी किया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र राय द्वारा उन्हें मरीजों की संख्या, मरीजों के आवागमन, वर्तमान में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। मंत्री ने अस्पताल में आवश्यक सुविधाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए तथा आश्वासन दिया कि जो उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं रायपुर और बिलासपुर में उपलब्ध हैं, वे भविष्य में एमसीबी जिले में भी उपलब्ध कराई जाएंगी। निरीक्षण के दौरान मंत्री जी ने अस्पताल में भर्ती बच्चों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना और उन्हें फ्रूट बास्केट का वितरण किया।


पल्स पोलियो की दवा पिलाते स्वास्थ्य मंत्री।

### बच्चों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की



**बैकुण्ठपुर।** राष्ट्रीय कार्यक्रम पल्स पोलियों अभियान के पहले चरण में रविवार को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के अलावा जिलेभर में 0 से 5 वर्ष के बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाई गई, इसके लिए शहर में कई सार्वजनिक जगहों पर केन्द्र बनाकर बच्चों को पल्स पोलियों की बूंद पिलाने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा निर्धारित समय तक रहे। इस दौरान लोग अपने छोटे -बच्चों को केन्द्र तक लेकर पहुंचे और बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई। वहीं सोमवार को दूसरे दिन स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा घर-घर पहुंच कर छुटे हुए बच्चों को पल्स पोलियों की दवा पिलाई जाएगी।

# 84 बच्चों का नि:शुल्क हृदय जांच

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु के तहत जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में शनिवार को हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में 20 दिसंबर को प्रातः 9 से शाम 6 बजे तक हृदय रोग जांच शिविर आयोजन किया गया।

शिविर में एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर से वरिष्ठ सलाहकार एवं क्लीनिकल लीड डॉ. सुमंता शेखर पाढ़ी अपनी टीम-मैनेजर उपेन्द्र शुक्ला, खुमेशर लहरे एवं इको टेक्नीशियन वेद प्रकाश के साथ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग बैकुंठपुर के संयुक्त तत्वावधान में शिविर में शामिल रहें। शिविर में संभावित हृदय रोगी बच्चों का ईको परीक्षण कर कन्फर्म करने पर उन्हें एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा एवं उपचार की व्यवस्था की जाएगी। चिरायु दल के सदस्य कन्फर्म मरीजों को रायपुर तक ले जाते हैं, ऑपरेशन के बाद डिस्चार्ज पर घर तक पहुंचाते हैं तथा फॉलो-अप भी करते हैं, जिससे बच्चों को असामयिक मृत्यु से बचाया जा सके। शिविर में 0 से 18 वर्ष के 84 चिन्हांकित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें (सीएचडी) के 13 बच्चे मौके पर पॉजिटिव पाया गया। इन सभी बच्चों को निःशुल्क इलाज के लिए एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल ले जाया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि कोरिया जिले के स्वास्थ्य में सुधार के लिए पूरी टीम प्रयासरत है।

उन्होंने बच्चों के माता-पिता को धन्यवाद देते हुए बताया कि चिरायु टीम लगातार कार्य कर रही है और उपचारित बच्चे सामान्य जीवन जी रहे हैं। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि यह बहुत अच्छी पहल है। बच्चे एवं उनके माता-पिता शिविर में आए और निःशुल्क सुविधा प्राप्त कर बच्चे सामान्य जीवन व्यतीत करेंगे। यह जिले में उत्कृष्ट व्यवस्था है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया कि आरबीएसके चिरायु टीम कोरिया में निःशुल्क परीक्षण एवं उपचार उपलब्ध करा रही है। 21 दिसंबर को 84 बच्चों की हृदय जांच की गई, जिनमें पॉजिटिव कन्फर्म मामले वाले बच्चों को रायपुर ले जाकर निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। डॉ. सुमंता शेखर पाढ़ी ने कहा कि ऑपरेशन के बाद बच्चे सामान्य जीवन जीते हैं। यह उत्कृष्ट कार्यक्रम है, जो निःशुल्क इलाज सुनिश्चित करता है। शिविर में शामिल सिविल सर्जन सह मुख्य अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशरफ अंसारी, नोडल डॉक्टर डॉ. अभय जुगल तिर्की, जिला अस्पताल आरएमओ डॉ. कार्तिकेय, शिशिर जायसवाल, प्रियंका कुरील समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## दुर्गा पंडाल में श्रीकृष्णमद भागवत कथा का होगा आयोजन

**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा के सुभाष नगर स्थित दुर्गा पूजा पंडाल एक बार फिर आध्यात्मिक ऊर्जा और धार्मिक आस्था का केन्द्र बनने जा रहा है। यहां 20 से 26 जनवरी तक भव्य श्री कृष्णमद भागवत कथा ज्ञान का आयोजन किया जा रहा है, जो निरंतर एक सप्ताह तक चलेगा। कथा के समापन अवसर पर 27 जनवरी को विशाल भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस भव्य धार्मिक आयोजन का शुभारंभ 20 जनवरी को प्रातः 9 बजे सुभाष नगर दुर्गा पंडाल से निकाली जाने वाली भव्य कलश यात्रा से होगा। कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए छठ घाट पहुंचेगी, जहां वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से कलश पूजन संपन्न होगा। पूजन पश्चात यात्रा जगन्नाथ मंदिर, बीटीसी शिव मंदिर एवं हनुमान मंदिर होते हुए पुनः सुभाष नगर दुर्गा पूजा पंडाल व शिव मंदिर पहुंचेगी। यहां प्रभात फेरी के बाद कलश का विधिवत आस्थापन किया जाएगा। कथा के प्रथम दिन से ही प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से श्रीकृष्णमद भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। इस पावन कथा का वाचन प्रख्यात कथा वाचिका सुश्री साध्वी सरस्वती जी द्वारा किया जाएगा, जिनकी ओजस्वी वाणी, भावपूर्ण प्रवचन और धर्मोपदेश देशभर में श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति एवं संस्कारों की ओर प्रेरित करते रहे हैं। सुश्री साध्वी सरस्वती जी को क्षेत्रवासी स्नेहपूर्वक भारत की शेरनी के नाम से जानते हैं। उनका यह चरचा क्षेत्र में दूसरा आगमन होगा, इससे पूर्व श्रमवीर स्टेडियम में आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम में उनके प्रभावशाली प्रवचनों ने सैकड़ों नहीं बल्कि हजारों श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा और संस्कार के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया था। उस ऐतिहासिक आयोजन की स्मृतियां आज भी क्षेत्रवासियों के मन में जीवंत हैं।

# कड़ाके की ठंड में पंडो जनजाति के बुजुर्गों को बांटे कंबल

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी।



कड़ाके की ठंड और लगातार पड़ रहे घने कुहासे को देखते हुए जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब कोरिया (पंजीकृत) के तत्वावधान में मानवीय पहल करते हुए बुजुर्गों एवं असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत चेरवापारा में आयोजित हुआ, जहां पड़ों जनजाति के गरीब, बुजुर्ग एवं असहाय महिला-पुरूषों को कंबल वितरित किए गए।

कार्यक्रम में जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रवीन्द सिंह, महासचिव योगेश चंद्रा, संरक्षक उत्तम कश्यप, संरक्षक नीरज गुप्ता सहित सदस्य अंकित अग्रवाल, प्रभात दास एवं कमरुनिशा उपस्थित रहीं। सभी ने जरूरतमंदों को कंबल प्रदान कर मानवीय संवेदना का परिचय दिया। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रवीन्द सिंह ने कहा कि शीतलहर और अत्यधिक ठंड के दौरान समाज के कमजोर वर्गों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई लोग रातें खुले आसमान या असुरक्षित स्थानों पर बिताने को मजबूर होते हैं। ऐसे समय में उनकी सहायता करना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची सेवा है और जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब कोरिया हमेशा गरीबों, मजदूरों एवं वंचित वर्गों के साथ खड़ा रहा है। कंबल वितरण के दौरान काफी संख्या में जरूरतमंद लोग उपस्थित रहे।

बुजुर्गों, महिलाओं एवं असहाय लोगों को प्रतिनिधियों के माध्यम से कंबल प्रदान किए गए। प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि ठंड के मौसम में किसी को भी असहाय छोड़ना उचित नहीं है, इसलिए इस प्रकार के सेवा कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने प्रशासन एवं समाजसेवी संगठनों से भी अपील की कि वे आगे आकर जरूरतमंदों की सहायता करें, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण बीमार न पड़े या अपनी जान न गंवाए। कंबल प्राप्त करने वालों में पंडो जनजाति के मनोज पंडो, इतवारिया पंडो, अटरिया पंडो, बिफइया पंडो, पार्वती पंडो, शिव पंडो, नंद कुमार पंडो, साहेब लाल पंडो, समयलाल, बहलो, कलेसरी, फुलेश्वरी एवं सुशीला पंडो शामिल रहे। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर राहत और संतोष स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। बुजुर्गों और लाभार्थियों ने जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब कोरिया के इस सराहनीय प्रयास के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में परस्पर सहयोग और संवेदनशीलता ही सामाजिक सौहार्द को मजबूत बनाती है। इस तरह के कार्यक्रम न केवल जरूरतमंदों को राहत पहुंचाते हैं, बल्कि समाज में सेवा और इंसानियत का सकारात्मक संदेश भी देते हैं।

### बाजार में आ गए आम...


बैकुण्ठपुर। आम का मौसम अभी नहीं आया है, लेकिन अब के दौर में आम पूरे वर्ष बाजार में बिकता है फलों के बाजार में 200 रूपए किलो बे मौसम आम बिक रहा है।

## पोड़ी बचरा में विशेष शिविर



**बैकुण्ठपुर।** भारत सरकार के सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत जिले में शनिवार को ग्राम पंचायत पोड़ी (बचरा) में विकासखंड स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य थीम पर केन्द्रित इस शिविर में विभिन्न विभागों ने योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई एवं टीबी मरीजों को पोषण बैग व 3 आयुष्मान कार्ड वितरित किए। आयुष विभाग ने निःशुल्क आयुष काढ़ा व दवाइयां बांटी। कृषि विभाग ने 12 किसानों को मसूर के बीज दिए। एड्स मुक्त कोरिया बनाने के लिए एनएनएस वॉलेंटियर्स ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने शिविर में उपस्थितजन को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान ही इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। सभी को इसका लाभ लेना चाहिए। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि शिविर में आए सभी लोग जागरूक हों।

# विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कछोड़ में विधानसभा स्तरीय (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी एवं अद्यतन बनाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। कार्यशाला में भरतपुर-सोनहत की विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, भाजपा संगठन के जिला प्रभारी बाबूलाल अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले एवं रमन अग्रवाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने एसआईआर प्रक्रिया, संगठनात्मक जिम्मेदारियों तथा कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। जिला प्रभारी बाबूलाल अग्रवाल ने अपने संगठनात्मक अनुभव साझा करते हुए कहा कि बूथ स्तर पर सशक्त और व्यवस्थित कार्य से ही लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है। उन्होंने एसआईआर को एक संवैधानिक प्रक्रिया बताते हुए कहा कि इसे अनुशासन, समन्वय और जिम्मेदारी के साथ पूर्ण करना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है। रमन अग्रवाल ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र की मजबूती का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि एसआईआर के माध्यम से न केवल अपात्र नामों को हटाया जाता है, बल्कि पात्र नागरिकों को उनके संवैधानिक अधिकार भी सुनिश्चित होते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा और सजगता के साथ इस अभियान में सहभागिता निभाएं। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले ने संगठनात्मक ढांचे की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि बीएलए-2, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र प्रभारी एवं संयोजक संगठन की नींव हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर अभियान की सफलता सीधे तौर पर बूथ स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जागरूकता पर निर्भर करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय बनाए रखते हुए जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने का आग्रह किया।

## 31 को फिर सजेगा बहरूपियों का मेला



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले की सांस्कृतिक पहचान और वर्षों पुरानी परंपरा बहुरूपिया महोत्सव की गूंज इस वर्ष भी साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर को सुनाई देगी।

इस ऐतिहासिक और लोकप्रिय आयोजन को लेकर नगरवासियों के साथ-साथ कलाकारों में भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। बहुरूपिया महोत्सव ना केवल स्थानीय संस्कृति को जीवंत करता है ,बल्कि मनेन्द्रगढ़ को प्रदेश और देशभर में एक अलग पहचान भी दिलाता है। इसी क्रम में सांस्कृतिक मंच के सदस्यों ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिबहारी जायसवाल से भेंट कर उन्हें महोत्सव में शामिल होने का आमंत्रण दिया। मंत्री ने आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए आयोजन के प्रति अपनी गहरी आत्मीयता प्रकट की और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। वीडियो संदेश के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मनेन्द्रगढ़ की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनेन्द्रगढ़ प्राकृतिक संपदा और समृद्ध संस्कृति का अद्भुत संगम है।

### मनरेगा योजना ग्रामीण मजदूरों को पलायन से रोकने का सबसे प्रभावी माध्यम रही

# मनरेगा को समाप्त करने के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर।



केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) से महात्मा गांधी जी का नाम हटाने एवं मनरेगा योजना को समाप्त करने के विरोध में 21 दिसंबर को जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने धरना-प्रदर्शन किया।

जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि मनरेगा योजना ग्रामीण मजदूरों को पलायन से रोकने का सबसे प्रभावी माध्यम रही है। जब देश में डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, तब संसद में आम सहमति से मनरेगा कानून पारित हुआ था। यह एक क्रांतिकारी कदम था, जिससे करोड़ों ग्रामीण परिवारों को रोजगार का कानूनी अधिकार मिला और विशेष रूप से वंचित, शोषित, गरीब एवं अतिगरीब वर्ग को सम्मानपूर्वक रोजी-रोटी का साधन प्राप्त हुआ। मनरेगा के माध्यम से लोगों को अपने गांव, अपनी माटी और अपने परिवार के साथ रहकर काम मिला, जिससे मजबूरी में होने वाला पलायन रुका और ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाया गया। यह योजना महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने की दिशा में एक ठोस प्रयास थी। पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव ने कहा कि आरोप लगाया कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने मनरेगा को कमजोर करने के बजाय अब उसे पूरी तरह समाप्त कर दिया है। कोविड काल में यही योजना गरीबों के लिए संजीवनी साबित हुई थी, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने बिना किसी विचार-विमर्श, बिना विपक्ष को विश्वास में लिए और बिना जमीनी हकीकत समझे मनरेगा का स्वरूप बदलकर उसे खत्म कर दिया। योगेश शुक्ला ने कहा कि पहले केन्द्र-राज्य हिस्सेदारी 90:10 थी, जिसे बदलकर 40:60 कर दिया गया, जिससे राज्यों पर आर्थिक बोझ बढ़ा और योजना लागू करना कठिन हो गया। अब यह तय किया जा रहा है कि किसे, कितना और कहां रोजगार मिलेगा, जो पूरी तरह दिल्ली में बैठकर तय किया जाएगा, जबकि ग्रामीण भारत की वास्तविक स्थिति इससे बिल्कुल अलग है। कांग्रेस ने स्पष्ट कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं थी, बल्कि देशहित और जनहित से जुड़ा कानून था। भाजपा सरकार ने मनरेगा को समाप्त कर करोड़ों किसानों, श्रमिकों, भूमिहीनों और ग्रामीण गरीबों के हितों पर सीधा हमला किया है। यह महात्मा गांधी के नाम पर नहीं, बल्कि उनकी विचारधारा पर किया गया प्रहार है। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ मुख्तार अहमद, आशीष यादव, बिहारी राजवाड़े, गणेश राजवाड़े, भूपेन्द्र यादव, प्रवीर भट्टाचार्य, शैलेन्द्र सिंह, चंद्रप्रकाश राजवाड़े, सुरेन्द्र तिवारी, विकाश श्रीवास्तव, धीरज सिंह, रामाधार टोप्पो, आशीष डबरे, अविनाश पाठक, गणेश जायसवाल, अंकित गुप्ता, वसीम अधिवक्ता, सुरेन्द्र कुमार, जाग्रत कुर्रे, अनिल सिंह, हीरालाल साहू, संतोष गोयन आदि शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति व जिला नेतृत्व की घोषणा

**अम्बिकापुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से भाजपा महिला मोर्चा



की प्रदेश कार्यसमिति एवं जिला अध्यक्षों की घोषणा की गई। इस क्रम में भाजपा सरगुजा से श्रीमती फुलेश्वरी सिंह को महिला मोर्चा का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है। वहीं श्रीमती सोनू तिग्गा, श्रीमती नीलम राजवाड़े, श्रीमती आशा शुक्ला एवं श्रीमती रजनी बिंद को महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। साथ ही भाजपा सरगुजा महिला मोर्चा के नेतृत्व की जिम्मेदारी श्रीमती शुभांगी बिहाड़े को सौंपते हुए उन्हें जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नव नियुक्त भाजपा सरगुजा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती शुभांगी बिहाड़े ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास मुझपर जताया है उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगी। महिला सशक्तिकरण, संगठन विस्तार और बूथ स्तर तक मजबूती प्रदान करना मेरी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा महिला मोर्चा पार्टी, संगठन की महत्वपूर्ण कड़ी है।

### युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति जिला अध्यक्षों की घोषणा

**अम्बिकापुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से भारतीय जनता युवा



मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति एवं जिला अध्यक्षों की घोषणा की गई है। जहां भाजपा सरगुजा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी निशांत सिंह (सोलू) को सौंपी गई है। युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों में प्रिया सिंह, दीक्षा अग्रवाल एवं विकास शुक्ला (चंदन) को शामिल किया गया है। वही प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में अंकित जायसवाल, अंशुल श्रीवास्तव, मनीष दुबे, अभिनंदन सिंह, शानू कश्यप एवं मारकंडेय तिवारी को नियुक्त किया गया है। विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में अमोघ कश्यप एवं हर्ष जायसवाल को शामिल किया गया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा मोर्चा संगठन की रीढ़ है। नव नियुक्त युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष निशांत सिंह (सोलू) ने कहा कि प्रदेश एवं जिला नेतृत्व ने मुझ पर जो विश्वास जताया है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को साथ लेकर युवाओं के बीच पार्टी की नीतियों को मजबूती से पहुंचाने तथा भाजपा को और अधिक सशक्त बनाने के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करूंगा।

## प्रतापपुर क्षेत्र के तीन गुड़ उद्योग में की गई जांच, नहीं मिला वैध दस्तावेज

# अवैध गुड़ उद्योगों पर प्रशासन का शिकंजा, चलाया गया जांच अभियान



प्लास्टीक जलाकर गुड़ बनाते मजदूर।



जांच करते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित गुड़ उद्योगों की वैधता को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए संयुक्त जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान जो तथ्य सामने आए वह न सिर्फ केवल चौंकाने वाले हैं, बल्कि यह भी दर्शाते हैं कि जिले में कई गुड़ उद्योग कानून को दरकिनार कर खुलेआम संचालित हो रहे हैं। ऐसे में प्रशासनिक नियंत्रण, जनस्वास्थ्य और किसानों के हितों पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती है। प्रशासनिक टीम के दबिश के बाद अवैध गुड़ उद्योग चलाने वालों में हड़कंप मच गया। कई गड़ अवैध पाए गए जिस पर टीम ने वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए सोमवार तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

**खास बात**

- दस्तावेज प्रस्तुत करने दिया गया एक दिन का मोहलत

जांच दल ने पाया कि अधिकांश गुड़ उद्योगों के पास उद्योग विभाग, श्रम विभाग, कृषि उपज मंडी, कृषि विभाग, पर्यावरण संरक्षण, नापतौल, विद्युत एवं राजस्व विभाग से संबंधित आवश्यक अनुमति और वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। इस गंभीर अनियमितता को देखते हुए तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा द्वारा उद्योग संचालकों का बयान दर्ज कर पंचनामा कार्रवाई की गई और उन्हें सोमवार तक सभी अनिवार्य दस्तावेज प्रस्तुत करने निर्देश दिए है। जांच में यह भी सामने आया कि इन उद्योगों द्वारा गन्ना क्षेत्र का आरक्षण नहीं कराया गया, न ही गन्ना क्रय से जुड़े वैध रिकॉर्ड उपलब्ध कराए जा सके। इतना ही नहीं जांच में यह भी उजागर हुआ कि कई इकाइयों में बाहरी और अपंजीकृत श्रमिकों से काम लिया जा रहा है, जो श्रम कानूनों का खुला उल्लंघन है। इससे श्रमिकों की सुरक्षा, बीमा और अधिकारों पर सीधा खतरा मंडरा रहा है। सूत्रों की मानें तो कई अवैध गुड़ फैक्ट्रियां वर्षों से बिना अनुमति चल रही हैं और हर साल शासन को लाखों-करोड़ों रुपये का राजस्व नुकसान पहुंचा रही हैं। यदि इन इकाइयों की निष्पक्ष और गहन जांच कराई जाए तो जिले में अवैध गुड़ उद्योगों का एक बड़ा नेटवर्क उजागर हो सकता है।

लोगों का कहना है कि कागजी कार्रवाई कर औपचारिकता निभा दी जाती है, लेकिन स्थायी और निर्णायक कार्रवाई से परहेज किया जाता है।

**लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़**

कार्रवाई के बावजूद जमीनी हकीकत यह है कि कई गुड़ उद्योग रिहायशी इलाकों के बीच धुआं उगल रहे हैं। बीच बस्ती में धुआं उगलते गुड़ उद्योग से आसपास के लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार गुड़ निर्माण में ईंधन के रूप में पुराने प्लास्टिक और पीपी बैग जलाए जा रहे हैं, जो सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक है। विशेषज्ञों के मुताबिक प्लास्टिक के जलने से निकलने वाली विषैली गैस से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों को जन्म दे सकती हैं।

**क्षेत्र में दर्जनों अवैध गुड़ फैक्ट्री है संचालित**

प्रतापपुर क्षेत्र में दर्जनों अवैध गुड़ फैक्ट्री धड़ल्ले से संचालित हो रही है। बताया जा रहा है कि अधिकारियों के साथ गांठ से इस तरह का अवैध अच्छा फैक्ट्री संचालित हो रहे है जो शासन प्रशासन को चुनौती दे रहे है। ऐसे में किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है वहीं क्षेत्र में शक्कर कारखाना को चुनौती देते हुए अवैध रूप से गुड का कारखाना खोलकर सरकार को चूना लगा रहे हैं।

**दस्तावेज प्रस्तुत करने दिए हैं निर्देश**

संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित गुड़ उद्योग की जांच की गई। जिसमें मां वैष्णो गुड उद्योग, पद्मामालिका गुड उद्योग तुलसी एवं लक्ष्मी गुड़ उद्योग जगतपुर की जांच की गई। जांच के दौरान वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। सोमवार तक वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने निर्देश दिए गए है। दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी।

-सुरेंद्र पैकरा, तहसीलदार



## दो दर्जन महिलाओं के खातों से ले लिए 42-42 हजार ऋण, एसडीएम से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

विकासखंड भैयाथान अंतर्गत ग्राम चोपन की गरीब व अशिक्षित महिलाओं के साथ कथित तौर पर बड़ा वित्तीय फर्जीवाड़ा सामने आया है। ग्राम की लगभग दो दर्जन महिलाओं के बैंक खातों से बिना उनकी जानकारी के 42-42 हजार रुपये का ऋण निकाल लिए जाने का आरोप लगा है। पीड़ित महिलाओं ने इस संबंध में एसडीएम से शिकायत सौंपते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में महिलाओं ने बताया कि वे सभी ग्राम चोपन की निवासी हैं, जबकि आरोपित महिला भी उसी ग्राम की निवासी है, जो पूर्व में महिला समूहों की सीआरपी बैंक सखी के रूप में कार्यरत थी। आरोप है कि उक्त महिला ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए महिलाओं को भ्रमित कर उनके नाम से स्पंदना स्फूर्ती फाइनेंशियल लिमिटेड, शाखा बैकुंठपुर में खाते खुलवाए और 7 दिसंबर 2023 को प्रत्येक खाते से 42-42 हजार रुपये की ऋण राशि आहरित कर ली।

पीड़ित महिलाओं का कहना है कि उन्हें न तो ऋण स्वीकृत होने की कोई जानकारी दी गई और न ही किसी प्रकार के दस्तावेजों पर उनकी सहमति ली गई। इस फर्जीवाड़े की जानकारी उन्हें तब हुई, जब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से प्री-लिटिगेशन नोटिस प्राप्त हुआ। इससे महिलाएं मानसिक रूप से बेहद परेशान और भयभीत हैं। महिलाओं ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित बैंक, समूह संचालन से जुड़े जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा आरोपित महिला की भूमिका की जांच कराई जाए और उनके खातों से निकाली गई राशि वापस दिलाई जाए। साथ ही दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

## शिव चर्चा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**रामानुजगंज।** साप्ताहिक शिव चर्चा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शनिवार को होने वाले शिव चर्चा में दूर-दूर से श्रद्धालु शामिल होने आते है। शनिवार विशेष रूप से ठंड को देखते हुए कुछ गुरु भाई, गुरु बहन को कमल वितरण किया गया जिसमें मुख्य रूप से शिव शिष्य पंचम कुशवाहा, मनोज कुमार यादव,कृष्ण प्रसाद सिंह, विनोद, करण, चंदन, बहन अमृता,चंपा,प्रियंका,ललिता, किरण, आरती, ममता, प्रियंका, बिंदु, शारदा, सुनीता के अलावा रामचंद्रपुर, रामानुज, बलरामपुर, कुसमी क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



## परिवहन विभाग द्वारा स्कूल बसों की जांच के दौरान मिली खामियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शनिवार को बिश्रामपुर क्षेत्र के विद्यालयों हेतु संचालित स्कूल बसों का परिवहन विभाग द्वारा आकस्मिक जांच किया गया,निरीक्षण में कुछ बसों में कमियां पाई गई,जिन पर विभाग द्वारा नियमानुसार अनुसार कार्यवाही करते हुए 20 हजार रुपये शुल्क वसूल किया गया,चालानी कार्यवाही किए गए बसों में दो एसईसीएल के पाए गए,जिसके लिए एसईसीएल के अनुबंधित स्कूली गाड़ियों की जानकारी हेतु डिप्टी मैनेजर एसईसीएल से संपर्क किया गया है,कार्यवाही करते हुए जिला परिवहन अधिकारी द्वारा बस संचालक एवं चालकों को समझाइश दी गई कि आने वाले एक सप्ताह के भीतर निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं पाए गए बसों को संबंधित तय मानक के अनुरूप सुधार करवाने पश्चात ही संचालित करने की अनुमति दी जाएगी ,इसके बाद भी तय मानक व नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालक और वाहनों की अगले बार से जब्ती एवं परमिट निरस्तीकरण जैसी कठोर कार्यवाही किये जाने की बात विभाग ने कही है।

- वसूला गया बीस हज़ार रुपये शुल्क




## सेंट जेवियर्स स्कूल में धूमधाम से की गई क्रिसमस गेदरिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नगर के सेंट जेवियर्स स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन धूमधाम एवं हर्षोल्लास किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य फादर सेबास्तियन तिग्गा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु यीशु मसीह के जन्मस्थल का प्रतीक चरनी की प्रार्थना एवं आरती के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने विशिंग डांस प्रस्तुत किया, वहीं नर्सरी (नवी) के बच्चों ने मधुर क्रिसमस कैरोल से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा चौथी, छठवीं, दसवीं एवं ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने क्रिसमस थीम पर सांता कैप पहनकर आकर्षक एवं ऊर्जावान नृत्य प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा ईसा मसीह के जन्म पर आधारित सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई, जिसमें उनके जीवन एवं संदेशों को प्रभावशाली रूप में दर्शाया गया। कार्यक्रम के दौरान सांता क्लॉज़ का आगमन बच्चों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रधान पाठिका मिस प्रभा टोप्पो ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। वहीं संस्था में दीर्घकालीन सेवा एवं विशिष्ट योगदान के लिए मिस अंजु मिंज को शॉल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य में भाग लेकर उत्सव का आनंद लिया।

**क्रिसमस गैदरिंग में वरिष्ठ सदस्य हुए सम्मानित**

**अम्बिकापुर।** बेलकोटा मण्डली में गोस्सनर एवं जेलिकल लुथेरन चर्च बेलकोटा द्वारा आयोजित क्रिसमस गैदरिंग में कलीसिया के बुजुर्ग व्यक्तियों को गर्म कपड़े एवं साल देकर सम्मानित किया गया वहीं समाज की गरीब महिलाओं को साड़ी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए एवं एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाइयां दी। इस दौरान कलीसिया के प्रमुख अध्यक्ष डॉ.व्ही.पी. निकुंज, महासचिव जेपी बागे, कोषाध्यक्ष एसएम तिर्की, सामुएल कुजूर, सनील एक्का, सुलवन मिंज, किरलुस भगत, अनिल कुमार तिग्गा सहित समाज के अन्य पुरोहित उपस्थित थे।

## किसानों की समस्याओं को लेकर गोंगपा ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

**प्रतापपुर।** जिले के किसानों से जुड़ी समस्याओं और मांगों को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी किसान मोर्चा ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिले के सभी ब्लॉकों प्रतापपुर, ओड़गी, भैयाथान, प्रेमनगर, रामानुजनगर एवं सूरजपुर की आदिम जाति सहकारी समितियों से जुड़े किसानों की समस्याओं का उल्लेख करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने ज्ञापन में स्पष्ट किया है कि लंबे समय से किसानों की भूमि स्वामी पट्टों में रकबा काट दिया गया है, जिसे आज तक सुधारा नहीं गया। कई स्थानों पर पटवारी द्वारा सुधार के नाम पर किसानों से अवैध रूप से पैसा लिए जाने के आरोप भी लगाए गए हैं, जिससे किसान परेशान हैं। पार्टी ने इस पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की मांग की है। साथ ही वन अधिकार पट्टों में भी किसानों का पूरा रकबा काटे जाने का मुद्दा उठाया गया है। जिन किसानों को वन अधिकार के अंतर्गत भूमि का अधिकार मिला था, उनका रकबा कम कर दिया गया है, जिसे पुनः जोड़े जाने तथा कृषि मंडियों में किसानों से 40.700 ग्राम के बजाय 41.200 ग्राम धान लेने पर सभी मंडियों में शासन के निर्धारित मापदंडों का कड़ाई से पालन कराए जाने मांग की है। इसके अलावा किसानों से ही बुलाई, बोरी सिलाई, बोरी पलटी और छल्ली मारने जैसे कार्य कराए जाने पर भी आपत्ति जताई गई है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी किसान मोर्चा ने चेतावनी दी है कि यदि 5 दिनों के भीतर उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस दौरान किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कवलसाय सरूता, ब्लॉक अध्यक्ष प्रतापपुर देवनारायण मरकाम, जनपद सदस्य घनसाय मरावी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष धर्मपाल सिंह पोया सहित अन्य पदाधिकारी और किसान उपस्थित रहे।



तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल - एम.डी.जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी - MBBS, DCH, DNB
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय - MBBS, DNB Ortho - हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया - MBBS, MS(General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. मनोज भारती - MBBS, MS
डॉ. ओम प्रकाश पंडित - MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. नताशा शर्मा - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले - MS, ENT
डॉ. भावना गार्डिया - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा - एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता - MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता - श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता - MBBS, DCH
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य - जनरल फिजिशियन
डॉ. समीर श्रीवास्तव - हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. रिषभ गुप्ता - किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. राहूल शामकांत जाधव - एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. चन्द्रांशु त्रिपाठी - मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता - न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव - आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. सुरभि - BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हेमलता साहू - फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
सिर दर्द एवं माइग्रेन
लकवा (पैरालाइसिस)
चक्कर बेहोशी
हाथ, पैर कमर में असहनीय दर्द
मिर्गी, फिट
हॉथ और पैरों में कमजोरी
डायबिटिक न्यूरोपैथी
हाथ, पैर में कंपन्न, झुनझुनी
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) 9424250281 | 8120906000 | 8120809000
रायपुर के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ. सिद्धार्थ साहू MBBS, MS GENERAL SURGERY (DNB NEUROSURGERY)
दिनांक - 21 दिसम्बर 2025, रविवार
समय : सुबह 10 बजे से 3 बजे तक

सरगुजा मार्केट

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ.आशु जैन MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 4 जनवरी, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 19 दिसंबर 2025 दिन - शुक्रवार
पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
प्रोस्टेट बढ़ जाना।
पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ डॉ.रौनक कलवानी M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 13 दिसंबर, 2025 समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ डॉ.विकास अग्रवाल Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक -20 दिसम्बर 2025, शनिवार समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ? वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा।
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

(हृदय रोग विशेषज्ञ) डॉ.अभिषेक कौशले
एम.बी.बी.एस. (सिम्स), एम.डी. (मेडिसिन) एम.जी.एम.एम.सी. इंदौर, डी.एन.बी. (मेडिसिन), एन.बी.ई.न्यू दिल्ली एंड डी.एम. (हृदय रोग) गोल्ड मेडल (बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय)
दिनांक - 21 दिसम्बर 2025, रविवार समय - सुबह 11 से 2.30 बजे तक
हृदय संबंधित रोग के लक्षण
सीने में दर्द एवं जकड़न • सांस लेने में तकलीफ • चलने में थकान लगना • चक्कर व बेहोशी • पैरों में सूजन • बच्चों में जन्मजात हृदय रोग
एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर, सीआरटी
यशोदा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल खरसिया नाका, भारत माता चौक, रिंग रोड श्री लक्ष्मी हॉटल के पास अम्बिकापुर
अधिक जानकारी एवं पंजीयन हेतु संपर्क करें। 07774-319760, 8602490055, 7777879370

डॉ.कल्पना दाश M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 21 दिसम्बर, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

## खबर संक्षेप

### सेंट जॉन्स उमावि के प्राचार्य पीटर को मिली पीएचडी की उपाधि



**अम्बिकापुर।** पीटर खेस को डॉक्टर सीवी रमन विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उनका शोध कार्य अमेरिकन कल्चर एट द क्रॉस रोड विषय पर केंद्रित था। पीटर ने अपना यह शोध कार्य बिलासपुर स्थित सीवी रमन विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ओम प्रकाश तिवारी के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। पीटर खेस वर्तमान में शहर के नवापारा स्थित सेंट जॉन्स उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य के रूप में कार्यरत हैं। संस्था के प्राचार्य को मिली इस उपाधि पर अधीनस्थ कर्मचारी व विद्यार्थियों ने खुशी जाहिर करते हुए उनका सम्मान भी किया।

### एसईसीएल के अधिकारी-कर्मचारियों ने किया रक्तदान



**मानीचौक।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के केतकी में एसएमएसएल कंपनी के संस्थापक चेयरमैन स्व. शक्ति कुमार मदनलाल संचेती के जन्मदिवस के अवसर पर केतकी कोल माइंस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें केतकी कोयला खदान में कार्यरत कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों ने कुल 34 यूनिट ब्लड डोनेट कर असहाय, गरीब एवं जरूरत मंद मरीजों का सहयोग किया है। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के केतकी में कार्यरत कंपनी एसएमएस एल के जीएम के अगुवाई में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केतकी माइंस के जीएम व जिला अस्पताल के चिकित्सकों के साथ रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। इस दौरान जिला अस्पताल से डॉ. राजेश पैकरा सहित चिकित्सकों की टीम के साथ मौजूद रहे। लगभग 55 लोगों से ब्लड सैंपल लिए और 34 लोगों ने डोनेट किया। बाकी लोगों का ब्लड शुगर व अन्य कई कारण से उनका ब्लड नहीं लिया गया।

### छात्रों में स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर दिया गया सीबीएसई प्रशिक्षण



**सूरजपुर।** सीबीएसई के दिशा-निर्देशों के अनुसार छात्रों में स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर एक क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीबीएसई के निर्धारित मानकों के अनुसार 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में राकेश कुट्टन, प्राचार्य, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, केवारी लखनपुर तथा भूपेन्द्र कुमार चंद्राकर, पीजीटी डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, छरछेद कसडोल ने अपनी विशेषज्ञता साझा की। उन्होंने विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए व्यावहारिक एवं उपयोगी जानकारियां प्रदान कीं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में साधु राम विद्या मंदिर के शिक्षकों के साथ-साथ राइजिंग सहोदय स्कूल्स कॉम्प्लेक्स से संबद्ध विभिन्न सीबीएसई विद्यालयों के शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन साधु राम विद्या मंदिर के प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ. राहुल अग्रवाल एवं एसएमएसी अध्यक्ष सुनील अग्रवाल का भी विशेष सहयोग रहा।

### जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मेलन प्रारंभ

**सूरजपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 20,21,22 दिसम्बर को जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया है। रामानुजनगर के मंगल भवन में सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिले की प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आगामी 20 दिसम्बर को रामानुजनगर के मंगल भवन में दोपहर 12 बजे से प्रेम नगर के विधायक भूलन सिंह, जिला संगठन प्रभारी शिवनाथ यादव,कोरिया जिला के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में बैठक प्रभारी रामानंद जायसवाल की उपस्थिति में हुई। इसी तरह प्रतापपुर विधान सभा की बैठक 21 दिसम्बर को प्रतापपुर में विधायक शकुंतला पोर्ते, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भीमसेन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगी। जिसमें बैठक प्रभारी ललित गोयल है। इसके अलावा भटगांव विधान सभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक भटगांव में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, सांसद चिंतामणि महाराज, अनिल सिंह मेजर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई है। बैठक प्रभारी राजेश महालवाला है। तीनों विधान सभा क्षेत्र के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं से बैठक में शामिल होने कहा है।

### कनकपुर गांव में किशोर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम कनकपुर में अज्ञात कारणों से किशोर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है,जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम कनकपुर निवासी 17 वर्षीय उमेश्वर अगरिया पिता मंगल अगरिया शनिवार की शाम 6 बजे अपने घर से रिश्तेदार रामलखन व दोस्त प्रकाश के साथ गांव से घूमकर आने की बात कहकर निकला था,जो रात तक वापस नहीं लौटा,रविवार की सुबह जब किशोर की मां मवेशियों को पैरा देने खलिहान की तरफ गई ,तब किशोर का शव ईंट की पिलर पर खड़े बांस पर रस्सी में फांसी पर लटका हुआ देखा,सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## कंपनी अपने रिस्क पर कर रही संचालन

# शहर में संचालित 5 में से 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट का अनुबंध समाप्त, मंडराया खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- ननि ने भुगतान को लेकर खड़े किए अपने हाथ

नगरीय निकाय क्षेत्र में मोहल्ला स्तर पर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई एमएमयू सुविधा का बुरा हाल है। शहर में चलने वाली पांच मोबाइल मेडिकल यूनिट में से चार का अनुबंध समाप्त हो गया है। अनुबंध समाप्त होने के बाद अब तक नए सिरे से टेंडर की प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकी है हालांकि प्राइवेट कंपनी बिना किसी अनुबंध के ही एमएमयू का संचालन कर रही है लेकिन बड़ा सवाल यह है कि अनुबंध समाप्त होने के बाद दी गई सेवाओं का भुगतान कैसे होगा। ननि ने भी इस अवधि के भुगतान को लेकर पहले ही अपने हाथ खड़े कर दिए है ऐसे में शहर में इस योजना के ज्यादा दिनों तक चलने की उम्मीद नहीं है।

बता दें कि प्रदेश में लोगों को मोहल्ला स्तर पर बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मोबाइल मेडिकल यूनिट की शुरुआत पूर्व की प्रदेश सरकार द्वारा की गई थी। प्रदेश सरकार ने 18 मई 2020 को मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत एमएमयू की शुरुआत की और इस योजना का क्रियान्वयन जिले में सरगुजा अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी के माध्यम से किया जा रहा है। इस सोसायटी के अध्यक्ष सरगुजा कलेक्टर है। योजना के तहत 12 नवंबर 2020 को मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना में मोबाईल मेडिकल यूनिट का संचालन शुरू किया गया। माह नवम्बर 2020 में 1 मोबाईल मेडिकल यूनिट एवं माह दिसम्बर से 3 अन्य मोबाईल मेडिकल यूनिट कुल 4 मोबाईल मेडिकल यूनिट का संचालन पहले चरण में शुरू किया गया था। इसके साथ ही ननि अंबिकापुर, नगर पंचायत लखनपुर और सीतापुर में भी एक-एक मोबाइल मेडिकल यूनिट प्रदान किए गए थे। इनमें से 1 यूनिट सिर्फ महिलाओं के लिए आरक्षित हैं और अन्य 4 यूनिट सामान्य रूप से इलाज कर रही थी। इन मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से क्षेत्र की जनता को वार्ड वार्ड में एमएमयू के माध्यम से चिकित्सकीय परामर्श, जांच व दवाओं के वितरण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है लेकिन वर्तमान में ननि क्षेत्र में शुरू किए गए 5 एमएमयू में से चार एमएमयू का अनुबंध समाप्त हो गया है जबकि बाद में शुरू हुए एमएमयू के अनुबंध भी आने वाले दिनों में समाप्त होने की कगार पर है। हैरानी की बात तो यह है कि सरगुजा कलेक्टर, ननि के साथ ही शासन द्वारा एमएमयू के संचालन को सुचारू बनाए रखने के लिए अनुबंध करने की पहल नहीं की गई।



मेडिकल यूनिट।

### मिलती है ये सुविधाएं

मोबाइल मेडिकल यूनिट की बात की जाए तो इसका संचालन नगर निगम द्वारा किया जाता है। प्रत्येक एमएमयू में 1 डॉक्टर, 1 लैब टेक्नीशियन, 1 फार्मासिस्ट, 1 एएनएम एवं 1 वाहन चालक की टीम मौजूद रहती है। सप्ताह में 1 दिवस वाहन के मेंटेनेन्स, दवाईयों की आपूर्ति एवं अन्य कमियों की आपूर्ति को दृष्टिगत रखते हुए 1 दिवस साप्ताहिक अवकाश हर मंगलवार को रखा जाता है। मोबाईल मेडिकल यूनिट में 285 प्रकार की दवाइयां रखे जाने के निर्देश हैं जिसमें से 240 प्रकार की दवाएं उपलब्ध है। मोबाईल मेडिकल यूनिट में 41 प्रकार के लैब टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है जिसमें 29 प्रकार के लैब टेस्ट मोबाईल मेडिकल यूनिट में आन्तरिक रूप से की जाती है तथा 12 तरह के लैब टेस्ट सर्विस प्रोवाईडर द्वारा बाहर से कराकर उपलब्ध कराया जाता है। एमएमयू को वार्डों के साथ ही साप्ताहिक बाजारों में तैनात किया जाता है।

### अपने रिस्क पर चला रही कंपनी

बताया जा रहा है कि अनुबंध समाप्त होने के बाद नगर निगम ने भुगतान को लेकर अपने हाथ खड़े कर दिए है जिसके बाद कंपनी ने एमएमयू को बंद कर दिया था। 15 दिनों तक वाहनों को खड़े करने के बाद अब फिर से कंपनी अपने रिस्क पर इस उम्मीद में योजना को चला रही है कि भविष्य में शासन फिर से अनुबंध जारी कर देगा। इसके साथ ही कंपनी के पास उपलब्ध दवाएं और जांच के री-एजेंट भी रखे रखे एक्सपायर हो जाएंगे इससे बेहतर है कि इनका उपयोग किया जाए लेकिन बड़ा सवाल यह है कि बिना अनुबंध और भुगतान के कंपनी कब तक अपनी सेवा जारी रख सकेगी।

### जिम्मेदारी से बच रही सरकार

प्रदेश में भाजपा सरकार स्वास्थ्य ही नहीं बिजली, बिल का बोझ, राशन में कटौती करके आम जनता पर बोझ बढ़ाने का काम कर रही है। कांग्रेस ने जो 7 मोबाइल मेडिकल यूनिट चालू किया उनमें से सिर्फ 3 यूनिट ही चालू हैं। भाजपा आम जनता को पूरी तरह से दरकिनार करके जिम्मेदारी से बच रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं में हम लोगों ने हमर क्लीनिक खोले थे जिसमें उनमें दवाइयां नहीं हैं जांच नहीं हो रही है।
-**शफी अहमद**, नेता प्रतिपक्ष ननि

### शासन स्तर पर होना है निर्णय

शहर में संचालित चार एमएमयू का अनुबंध समाप्त हो गया है। कंपनी अपने रिस्क पर इसका संचालन कर रही है। अनुबंध समाप्त होने के बाद भुगतान नहीं किया जा सकता है। अनुबंध की प्रक्रिया शासन स्तर पर की जाएगी। संचालन को लेकर शासन को ही निर्णय लेना है।
-**डीएन कश्यप**, आयुक्त ननि

## दो लाख कीमत के नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ाया युवक, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम ने कोरिया जिले के नशीले इंजेक्शन सप्लायर को न सिर्फ गिरफ्तार किया बल्कि उसे पास से दो लाख की मत के 2 सौ नगर नशीले इंजेक्शन जब्त किया। टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता संभाग की टीम कि नशीले इंजेक्शन के सौदागरों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से मिला कि जिला कोरिया के थाना पटना अंतर्गत सांवारांवा निवासी दिलीप सोनवानी अपने घर में भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन रखकर बिक्री करता है। सूचना पर संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से दिलीप के घर दबिश दी, दिलीप सोनवानी घर पर मौजूद था उसके घर की तलाशी लेने पर शयनकक्ष से एक प्लास्टिक बोरी से दो लाख कीमत के 2 सौ नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। टीम ने नशीले इंजेक्शन को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय बैकुंठपुर में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक तेजराम केहरी, मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता एवं महिला सैनिक अंजू एक्का सक्रिय रही।




## बुर्का पहनकर चोरी करने घुसा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- वेल्डिंग मशीन-रॉड, कटर समेत अन्य सामान बरामद

शहर के जगदम्बा आभूषण भंडार में चोरी के प्रयास के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल है। बुर्का पहनकर चोरी करने पहुंचे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त वेल्डिंग मशीन, कटर, वायर समेत अन्य सामान बरामद किया है।

बता दें कि शहर के जगदम्बा आभूषण भंडार में 13 दिसम्बर की रात चोरी का प्रयास किया गया। बुर्का पहनकर रात 11 बजे पहुंचा चोर सीसीटीवी कैमरा व बिजली कनेक्शन का तार काट चुका था लेकिन अलग बगल की आवाज से चोर भाग निकला। चोरी के प्रयास की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। इस घटना की शिकायत दुकान संचालक मायापुर निवासी राज सोनी आ. कृष्ण प्रसाद सोनी ने पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस इस मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान कोतवाली पुलिस व साइबर सेल की टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान ब्रम्ह रोड शीतला वार्ड निवासी 31 वर्षीय आकाश अग्रवाल उर्फ कल्लू आ. रोशन लाल अग्रवाल के रूप में की। पुलिस ने जब आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त वेल्डिंग मशीन, प्लायर वायर कटर, वेल्डिंग रॉड, टार्च, वायर एक्सटेंशन इत्यादि जब्त किया है। आरोपी दुकान में चोरी के लिए पूरी तैयारी के साथ पहुंचा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा (4) 305(ए) के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी शशिकांत सिन्हा, सउनि अजीत कुमार मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, जयदीप सिंह, आरक्षक मनीष सिंह, जितेश साहू, रमेश राजवाड़े, अमित विश्वकर्मा, नितिन सिन्हा सक्रिय रहे।




## इंटर एरिया नारी शक्ति खेल महोत्सव में बिश्रामपुर के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बिश्रामपुर।** हसदेव क्षेत्र में आयोजित एसईसीएल इंटर एरिया नारी शक्ति खेल महोत्सव में बिश्रामपुर क्षेत्र ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए तीन पुरस्कार अपने नाम किए हैं,दो दिवसीय आयोजित इंटर एरिया प्रतियोगिता का समापन रविवार 21 दिसंबर को हुआ,समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्रद्धा महिला मंडल अध्यक्षा शशि दुहन,सीएमडी हरीश दुहन सहित कंपनी के सभी डायरेक्टर सीवीओ सपरिवार उपस्थित थे,आयोजित प्रतियोगिता में बिश्रामपुर क्षेत्र की टीम टेबल टेनिस में विजेता रही जिसमें टेबल टेनिस खिलाड़ी सेंट्रल हॉस्पिटल में कार्यरत इंदु को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया,साथ ही पीक एंड रन रेस में रीजनल वर्क शॉप की महिला कर्मी विमला सिंह को विजेता का खिताब हासिल हुआ,50 मीटर के रिले रेस में पैतालीस वर्ग आयु वर्ग में बिश्रामपुर की टीम उपविजेता रही,इसके खिलाड़ी सुनीता दास,बिपतीयारो बाई,फूलकुमारी,मीना कुमारी को उपविजेता का खिताब प्रदान किया गया,बिश्रामपुर क्षेत्र के टीम मैनेजर राजेंद्र गुप्ता,सहायक संजय भाई लाल इस दौरान टीम के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया,क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने विजेता उपविजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर अपने शुभकामनाएं दी,बता दें कि केंद्र सरकार के निर्देश पर महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से अब कोल इंडिया में कार्यरत पुरुषों के बाद अब महिला कर्मचारियों के लिए अलग से नारी शक्ति खेल स्पर्धा का आयोजन इस वर्ष से आरंभ किया गया है,नारी शक्ति खेल स्पर्धा में बड़ी संख्या में महिला कर्मी भाग ले रही हैं साथ ही अलग अलग खेलो में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं।

## दंतैल के हमले में ग्रामीण घायल, मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा उपचार



**अम्बिकापुर।** बीती रात वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर अंतर्गत ग्राम भगवानपुर में अकेले घूम रहे दंतैल ने एक ग्रामीण पर हमला बोल दिया। दंतैल के हमले में ग्रामीण को गंभीर चोटें आई हैं तथा उसका एक हाथ टूट गया है। घायल ग्रामीण का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर में कुछ दिनों से एक दंतैल अकेले भ्रमण कर रहा है। बीती रात दंतैल रात्रि 12.30 बजे वाड्रफनगर बीट अंतर्गत ग्राम भगवानपुर बस्ती में पहुंच गया एवं सब्जी की फसलों को नुकसान करने लगा। इस दौरान फसलों को नोचने का शोर सुनकर राम लखन आ.रामपत गोड़ की नींद खुली तो वह घर के बाहर निकला। राम लखन ने दंतैल को पड़ोसी के दरवाजे पर लगी सेम की फसल उखाड़ते देखा तो दंतैल को खदेड़ने के उद्देश्य से पैरा में आग लगाने की कोशिश करने लगा। दंतैल ने रामलखन को देखते ही दौड़ते हुए उस पर हमला कर दिया। हमले में राम लखन गंभीर रूप से घायल हो गया। गनीमत रही कि राम लखन के जमीन पर गिरने के बाद दंतैल वहां से चला गया अन्यथा बड़ी अनहोनी हो सकती थी। सूचना पर पहुंचे वनकर्मी तत्काल अपनी वाहन से गंभीर रूप से घायल राम लखन को सिविल अस्पताल ले गए जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार उपरांत उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया। राम लखन का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। उप वन मण्डलाधिकारी प्रेमचंद मिश्रा ने बताया कि घायल के परिजन को 5 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की गई है। उपचार से उसके स्वास्थ्य में सुधार है।

## नगर पंचायत में 57 नई दुकानों के निर्माण का किया भूमिपूजन

**लखनपुर।** नगर पंचायत लखनपुर में रविवार को कुल 57 नवीन दुकानों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस विकास निर्माण कार्य की अनुमानित लागत लगभग 90 लाख रुपये है। मुख्य अतिथियों के रूप में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, सांसद चिंतामणि महाराज तथा नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू ने संयुक्त रूप से भूमिपूजन किया। पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन संपन्न कराया गया। निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 8 पुराना जनपद पंचायत कार्यालय के सामने 20 दुकानों का निर्माण लागत 44.17 लाख रुपये, वार्ड क्रमांक 9 बस स्टैंड के पास 27 दुकानों के ऊपर दुकान एवं गोदाम निर्माण लागत 27.62 लाख रुपये एवं 10 दुकानों के ऊपर दुकान निर्माण लागत 18.26 लाख रुपये से किया जाएगा। इस दौरान राजेंद्र जायसवाल, दिनेश बारी, समीम खान, रमेश जायसवाल, अमित बारी, बघोलन राम, ईश्वर राजवाड़े, सुरेंद्र साहू, बृजेंद्र पांडेय, सुभाष अग्रवाल, सचिन बसंल, महेश्वर राजवाड़े, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विधासागर चौधरी, उप अभियंता प्रदीप कुमार एक्का के अलावा रमेश ठाकुर, देवविष्णु साहू, विनेश राम खलखो उपस्थित रहे।



## बिश्रामपुर स्टेशन पर अंबिकापुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस के ठहराव के लिए सरगुजा सांसद को सौंपा ज्ञापन



**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर–हजरत निजामुद्दीन नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 22407/22408 के बिश्रामपुर रेलवे स्टेशन में स्टापेज की मांग पूरे क्षेत्र की आवाज बन चुकी है,भाजपा मंडल शिवनंदनपुर के अध्यक्ष हरीश राजवाड़े और जिला भाजपा उपाध्यक्ष देवधन राम बिंझिया ने रविवार को सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज को ज्ञापन सौंपा है,आवेदन में बताया गया है कि सरगुजा लोकसभा क्षेत्र से नई दिल्ली के लिए चलने वाली यह एकमात्र सुपरफास्ट ट्रेन अम्बिकापुर से चलकर सीधे सूरजपुर रोड रेलवे स्टेशन में ठहरती है,जबकि उसके बीच स्थित बिश्रामपुर जैसे बड़े,घनी आबादी वाले और औद्योगिक शहर को बिना ठहराव पार कर जाती है,इसके बाद ट्रेन बैकुंठपुर-चरचा, मध्यप्रदेश के बिजुरी और अनुपपुर जैसे स्टेशनों पर रुकती है, लेकिन सरगुजा के हृदय कहे जाने वाले बिश्रामपुर को नजरअंदाज कर दिया जाता है,आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि बिश्रामपुर क्षेत्र केवल एक शहर नहीं, बल्कि एसईसीएल की कालोनियों का केंद्र है, जिसे लोग मिनी इंडिया कहते हैं,यहां देश के कोने-कोने से आए कर्मचारी, इंजीनियर, अधिकारी और श्रमिक अपने परिवारों के साथ रहते हैं,ऐसे बहुसांस्कृतिक और घनी आबादी वाले क्षेत्र में दिल्ली जाने वाली ट्रेन का ठहराव न होना, लोगों को आज भी समझ से परे लगता है,भाजपा नेताओं ने बताया कि बिश्रामपुर और उसके आसपास के क्षेत्रों को मिलाकर 22 लाख से अधिक की आबादी इस रेलवे स्टेशन पर निर्भर है,इनमें से 2 लाख से ज्यादा लोग ऐसे हैं, जिन्हें काम, पढ़ाई, इलाज और व्यापार के सिलसिले में नियमित रूप से दिल्ली और उत्तर भारत के बड़े शहरों की यात्रा करनी पड़ती है। निजामुद्दीन ट्रेन का ठहराव न होने के कारण उन्हें अम्बिकापुर या सूरजपुर रोड जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती है, जिससे समय, पैसा और ऊर्जा तीनों की बर्बादी होती है, बिश्रामपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के छात्र जो प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली जाते हैं, कामकाजी युवा जो निजी व सरकारी नौकरियों के लिए बाहर जाते हैं और व्यापारी जिनका कारोबार दिल्ली से जुड़ा है सभी इस समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं,आवेदन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यदि बिश्रामपुर रेलवे स्टेशन में इस सुपरफास्ट ट्रेन का केवल 2 मिनट का ठहराव दे दिया जाए, तो यह निर्णय सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा, इससे यात्रियों की सुविधा बढ़ेगी, स्टेशन का महत्व बढ़ेगा और क्षेत्र के शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी।

### शौच करने गए वृद्ध पर भालू ने किया हमला, गंभीर

**मानीचौक।** सुबह शौच करने जा रहे वृद्ध को भालू ने हमला कर घायल कर दिया। वृद्ध को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गेतरा निवासी अमेंश्वर सिंह आ. मनी राम (60 वर्ष) सुबह लगभग 6 बजे शौच करने जाने के लिए घर से बाहर निकला था। सुबह घना कोहरा छाए रहने से दिखाई नहीं पड़ा और ग्रामीण सीधे भालू पास पहुंच गया। इसी बीच भालू ने हमला कर दिया तो वृद्ध शोर मचाने लगा। वृद्ध की आवाज सुन कर परिजन बाहर निकले और भालू को भगाया तब तक पीड़ित के पैर को भालू ने जख्मी कर चुका था। घायल को एसईसीएल एंबुलेंस सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर इलाज जारी है। रेंजर डी नेताम ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर डिप्टी रेंजर को भेजा हूं। आहत को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी अस्पताल पहुंच पीड़ित को लगी जख्म का मुआयना करेंगे और जो भी दवाइयां हॉस्पिटल के बाहर से खरीदी करेंगे उसकी भुगतान वन विकास निगम द्वारा किया जाएगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

ॐ जय माँ कंकाली ॐ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
त्रिकालग्य स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)
नोट- स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!

डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 वसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे